**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान**

**अगली बार टॉप 3 में आने का रखा लक्ष्य**

जयपुर। स्वतंत्रता दिवस के मौके शुक्रवार को हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में ध्वजारोहण हुआ। कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव, आयुक्त निधि पटेल और अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र यादव ने ध्वजारोहण में हिस्सा लिया। इस मौके पर महापौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतरीन काम करने वाले स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक पप्पू गोयर, कुलदीप चांवरिया, भगवान दास, स्वास्थ्य निरीक्षक लेखराज, नरेंद्र टूंडलायत, दिलीप बरेसा, सफाई कर्मचारी, महावीर, मुन्ना, आजाद और मोहन को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अभी हमें रुकना नहीं है। टॉप 3 में जयपुर को लाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए हमें पूरे वर्ष काम करना है, तभी हम देश के टॉप 3 शहरों में जगह बना पाएंगे।
उपमहापौर असलम फारूकी सहित विभिन्न समितियां के अध्यक्ष भी कार्यक्रम में मौजूद रहे ।




प्रशस्ति पत्र


प्रशस्ति पत्र


प्रशस्ति पत्र


प्रशस्ति पत्र